जनगणना 2020 में पूछे गए प्रश्नों का मैं किस प्रकार उत्तर दे सकता/सकती हूँ और इनमें मुझसे क्या पूछा जाता है?

NORTH CAROLINA
ASIAN AMERICANS TOGETHER

www.ncaatogether.org/census

जनगणना 2020 में अमेरिका में रहने वाले सभी लोगों की गिनती की जाएगी। जनगणना एक छोटी-सी प्रश्नावली है जिसमें आपके घर और उसमें रहने वाले लोगों के बारे में बुनियादी जानकारी मांगी जाती है। आपके व्यक्तिगत उत्तर गोपनीय हैं और इन्हें अप्रवासन प्रवर्तन कार्यालयों, पुलिस, या आवासीय प्राधिकारियों सहित अन्य सरकारी एजेंसियों से साझा नहीं किया जा सकता है। सरकार जनसंख्या की गणना का उपयोग राजनीतिक प्रतिनिधित्व परिसीमित करने और यह निर्धारित करने में करती है कि संसाधनों का व्यय कहाँ किया जाए।

मैं किस प्रकार जनगणना में भागीदारी करूं ?

मार्च 2020 में, जनगणना ब्यूरो घरों को सूचना भेजेगा जिसमें उन्हें जनगणना में भागीदारी करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। भागीदारी करने के तीन तरीके हैं:

ऑनलाइन	पहली बार, आप अपना जनगणना फॉर्म ऑनलाइन भर सकेंगे। अधिकतर घरों को एक विशिष्ट घरेलू आईडी और आधिकारिक जनगणना ब्यूरो की वेबसाइट के वेब पते के साथ पत्र प्राप्त होगा जिसके माध्यम से उन्हें ऑनलाइन भागीदारी करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। *इंटरनेट सेल्फ-रेस्पोंस (स्व-प्रतिक्रिया) फॉर्म चाइनीज़ (सरलीकृत), जापानी, कोरियन, टैगालॉग, और वियतनामी सहित 12 गैर-अंग्रेज़ी भाषाओं में उपलब्ध है।*
फोन	आप प्रश्न पूछने और फोन द्वारा जनगणना में हिस्सा लेने के लिए जनगणना प्रश्नावली सहायता फोन लाइन पर कॉल कर सकते हैं। *फोन सहायता अंग्रेज़ी और चीनी (मैंडारिन एवं कैंटोनीज़), जापानी, कोरियन, टैगालॉग, और वियतनामी सहित 12 गैर-अंग्रेज़ी भाषाओं में प्रदान की जाती है। प्रत्येक भाषा के लिए जनगणना ब्यूरो के समर्पित टोल-फ्री फोन नंबर के माध्यम से कॉल करने वाले व्यक्ति जनगणना के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, प्रश्न पूछ सकते हैं, और फोन के माध्यम से अपने जनगणना संबंधी फॉर्म में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।*
कागज़	आप कागज़ी फॉर्म के माध्यम से भागीदारी कर सकते हैं। कुछ घर - पाँच में से लगभग एक – पहली डाक में कागज़ी फॉर्म प्राप्त करेंगे, किन्तु यदि आप कागज़ी फॉर्म पसंद करते हैं, तो इसके लिए अनुरोध करने के लिए आप जनगणना प्रश्नावली सहायता फोन लाइन पर भी कॉल कर सकते हैं।

	कागज़ी फॉर्म सिर्फ़ अंग्रेज़ी और स्पेनिश में ही उपलब्ध है।

मुझे कब जनगणना में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देना चाहिए?

जनगणना ब्यूरो लोगों को भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करते हुए अनेक बार जानकारी भेजेगा:

12 - 20 मार्च	जनगणना ब्यूरो तीन अलग-अलग डाक के तरीकों के माध्यम से परिवारों को जनगणना में भागीदारी करने के लिए आमंत्रण भेजेगा।
16 - 24 मार्च	जिन घरों से उत्तर प्राप्त नहीं हुए हैं, उन्हें अनुस्मारक (रिमाइंडर) पत्र भेजे जाएंगे।
26 मार्च - 3 जुलाई	जिन घरों से उत्तर प्राप्त नहीं हुए हैं, उन्हें अनुस्मारक पोस्टकार्ड भेजे जाएंगे।
8 - 16 अप्रैल	जिन घरों से उत्तर प्राप्त नहीं हुए हैं, उन्हें अनुस्मारक पत्र और कागज़ी फॉर्म भेजे जाएंगे।
20 - 27 अप्रैल	अंतिम अनुस्मारक पोस्टकार्ड भेजे जाएंगे।
मई 13	जनगणना ब्यूरो उन घरों का दौरा करना आरंभ करेंगे जिन्होंने भागीदारी नहीं की है।

जनगणना 2020 में मुझसे क्या पूछा जाएगा?

जनगणना 2020 को पूरा करने में कुछ ही मिनट लगने चाहिए तथा इसमें निम्नलिखित प्रश्न पूछे जाएंगे।

जनगणना 2020 में आपके घर के बारे में जानकारी मांगी जाएगी।

1 अप्रैल को आपके पते पर रहने या ठहरने वाले लोगों की संख्या।	*आपके घर में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को शामिल करें चाहे वह आपका संबंधी नहीं भी हो। जनगणना में अमेरिका में रहने वाले छोटे बच्चों, गैर-नागरिकों, किराएदारों सहित प्रत्येक व्यक्ति की गिनती की जाती है।*
क्या आपका अपना घर है या आप किराये पर रहते हैं?	*यह उत्तर दें कि क्या आपका अपना घर है या आप किराये पर रहते हैं?*
टेलीफ़ोन नम्बर	*जनगणना ब्यूरो के आधिकारी, आपके फोन नंबर का उपयोग सिर्फ तब करेंगे जब जनगणना ब्यूरो के कार्य के लिए आवश्यक होगा।*

जनगणना 2020 में आपके घर में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के बारे में जानकारी माँगी जाएगी।

नाम, आयु, जन्म तिथि, और लिंग	*प्रत्येक व्यक्ति का नाम, आयु, जन्म तिथि डालें। कृपया ध्यान दें, लिंग के लिए जनगणना ब्यूरो केवल 'पुरुष' और 'स्त्री' विकल्प ही उपलब्ध करवाता है।*

फॉर्म भरने वाले व्यक्ति के साथ संबंध।	*जीवनसाथी (उसी या विपरीत लिंग से), भाई या बहन, माता-पिता, कमरे में साथ रहने वाला व्यक्ति, या अन्य सहित संबंधियों एक सूची उपलब्ध है जिसमें से आप चुन सकते हैं।*
जाति	*आप एक या अधिक जाति चुन सकते हैं। यदि आपकी पहचान बहुजातिय है, तो आप अपनी जाति समूहों के लिए एक बॉक्स या एक से अधिक बॉक्स पर निशान लगा सकते हैं और अपनी जाति पृष्ठभूमि के बारे में अतिरिक्त विवरण लिख सकते हैं।* *चेक बॉक्स विकल्पों के अंतर्गत सभी जाति समूह सूचीबद्ध नहीं हैं। यदि आपका जाति समूह सूचीबद्ध नहीं है, तो आप अपनी जाति पृष्ठभूमि के बारे में अतिरिक्त विवरण लिख सकते हैं।*
हिस्पैनिक मूल	*यह इस बारे में पूछता है कि क्या आप हिस्पैनिक मूल से हैं या लैटिन मूल से। इसे एक जातीयता समझा जाता है न कि नस्ल। इसे नस्ल संबंधी बॉक्स के अलावा चिन्हित करें।*

2020 की जनगणना में नागरिकता के बारे में प्रश्न नहीं पूछा जाएगा ।

यदि आपके घर में छह से अधिक लोग रहते हैं, तो आपको केवल सातवें और उससे अधिक के व्यक्तियों के बारे में मूलभूत जानकारी देने की आवश्यकता है। मूलभूत जानकारी यह है - नाम, आयु, जन्म तिथि, लिंग, नस्ल, और क्या व्यक्ति फॉर्म भरने वाले व्यक्ति का रिश्तेदार है।

जनगणना 2020 में मुझसे क्या नहीं पूछा जाएगा?

इस फ़ार्म में आपकी इमिग्रेशन या नागरिकता की स्थिति के बारे में नहीं पूछा जाएगा।

फॉर्म में आपकी सामाजिक सुरक्षा संख्या भी नहीं पूछी जाएगी।

क्या मुझे सभी प्रश्नों के उत्तर देने हैं?

संघीय कानून के तहत अपेक्षित है कि प्रत्येक व्यक्ति जनगणना में भाग ले और सभी प्रश्नों के उत्तर दें। उन उत्तरदाताओं को भी गिना जाएगा जो अपना नाम और पता प्रदान करते हैं किन्तु एक या दो प्रश्न छोड़ देते हैं। यदि आप अनेक प्रश्न छोड़ देते हैं या जनगणना में बिलकुल भी उत्तर नहीं देते हैं, तो बची हुई जानकारी प्राप्त करने के लिए जनगणना कर्मी आपके घर आ सकता है। सभी प्रश्नों के सही उत्तर दें; जनगणना के प्रश्नों का उत्तर देते समय गलत जानकारी न दें।

क्या मेरे उत्तर गोपनीय हैं?

क्या जनगणना 2020 के प्रश्नों का उत्तर देना मेरे लिए हानिकारक हो सकता है?

- गोपनीयता: समस्त जनगणना जानकारी गोपनीय है। कानूनी रूप से, जनगणना ब्यूरो किसी व्यक्ति की जानकारी अप्रवासन प्राधिकारियों, अन्य सरकारी एजेंसियों, और जनता सहित किसी के साथ भी साझा नहीं कर सकता है। संघीय कानून में जनगणना डेटा के लिए अत्यधिक शक्तिशाली गोपनीयता सुरक्षा नियम उपलब्ध हैं और यह आपकी जानकारी सुरक्षित रखता है।

- <u>दंड</u>: प्रत्येक जनगणना ब्यूरो कर्मी जिसको आपके डेटा तक पहुंच प्राप्त है, को आजीवन आपकी जानकारी की रक्षा करने के लिए शपथ दिलाई जाती है। यदि कोई भी इस कानून का उल्लंघन करता है तो इसे संघीय अपराध माना जाता है; इसके लिए कठोर दंड दिया जाता है, जिसमें पाँच वर्ष तक के लिए संघीय कारावास, 250,000 डॉलर तक का जुर्माना, या दोनों सम्मिलित हैं।

- <u>डेटा संरक्षण</u>: इसके अतिरिक्त, जनगणना ब्यूरो द्वारा एकत्र किए गए उत्तरों को केवल सांख्यिकीय प्रयोजनों के लिए ही उपयोग में लाया जा सकता है। जनगणना ब्यूरो केवल समेकित सांख्यिकीय विवरण ही प्रकाशित करता है और ऐसी कोई जानकारी प्रकाशित नहीं कर सकता जिससे किसी व्यक्ति, कारोबार या संगठन की पहचान हो सके। संघीय, राज्य, और स्थानीय सरकारी एजेंसियों को किसी भी ऐसे व्यक्ति के अहित के लिए जनगणना ब्यूरो द्वारा तैयार किए गए सांख्यिकीय डेटा सेट्स का उपयोग करने की मनाही है जिसने जनगणना में भागीदारी की है।

यदि मुझे जनगणना 2020 पूरा करने के लिए भाषा सहायता की आवश्यकता पड़े, तो क्या होगा?

ऑनलाइन: इंटरनेट सेल्फ-रेस्पोंस (स्व-प्रतिक्रिया) फॉर्म चाइनीज़ (सरलीकृत), जापानी, कोरियन, टैगालॉग, और वियतनामी सहित 12 गैर-अंग्रेज़ी भाषाओं में उपलब्ध है।

फोन: फोन सहायता अंग्रेज़ी और चीनी (मैंडारिन एवं कैंटोनीज़), जापानी, कोरियन, टैगालॉग, और वियतनामी सहित 12 गैर-अंग्रेज़ी भाषाओं में प्रदान की जाती है। प्रत्येक भाषा के लिए जनगणना ब्यूरो के समर्पित टोल-फ्री फोन नंबर के माध्यम से कॉल करने वाले व्यक्ति जनगणना के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, प्रश्न पूछ सकते हैं, और फोन के माध्यम से अपने जनगणना संबंधी फॉर्म में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।

कागज़: कागज़ी फॉर्म अंग्रेज़ी और स्पेनिश में उपलब्ध है।

भाषा सहायता संसाधन: जनगणना ब्यूरो 59 गैर-अंग्रेज़ी भाषाओं में भाषा शब्दावलियाँ, भाषा पहचान कार्ड और भाषा गाइडें तैयार कर रहा है जिन्हें www.2020census.gov पर रखा जाएगा।

आप समुदाय के सदस्यों और समुदाय आधारित संगठनों के लिए तथ्य पत्रकों सहित जनगणना के बारे में अतिरिक्त संसाधन www.countusin2020.org/resources पर प्राप्त कर सकते हैं।